भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव

के अर्न्तगत

प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के चयनित 22 एन.आर.एल.एम. एवं अन्य 05 जनपदों में मोबिलाईजेशन प्रक्रिया के अर्न्तगत की गयी

सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण की गतिविधिया

प्रशासनिक प्रतिवेदन

प्रशासनिक प्रतिवेदन

दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ0प्र0।
पिन–226202, दूरभाष: 05212–298292, फैक्स: 05212–298209
E-Mail - sirdup2005@rediffmail.com
Website - sirdup.nic.in

भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव

के अर्न्तगत

प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के चयनित 22 एन.आर.एल.एम. एवं अन्य 05 जनपदों में मोबिलाईजेशन प्रक्रिया के अर्न्तगत की गयी

सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण की गतिविधिया

संरक्षण एवं मार्गनिर्देशन

- श्री एन0एस0 रवि, आई.ए.एस., महानिदेशक संस्थान

संकलन एवं प्रस्तुतीकरण

- डॉ. आ.पी. पाण्डेय, संयुक्त निदेशक
- श्री बरून कुमार आर्य, संकाय सदस्य

अन्य सहयोगीगण

- श्री नवीन चन्द्र अवस्थी, संकाय सदस्य
- डा. राज किशोर, प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी
- सुश्री नेहा प्रकाश, संकाय सदस्य

टंकण कार्य

- श्रीमती माला पाण्डेय
- श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा

जन सहभागिता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही केन्द्र
दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ,उ0प्र0।
पिन–226202, दूरभाष: 05212–298292, फैक्स: 05212–298209
E-Mail - sirdup2005@rediffmail.com
Website - sirdup.nic.in

विषय–वस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	भारत निर्माण सेवक कार्यक्रम की पृष्ठभूमि	1–2
2.	आई.ई.सी. की अवधारणा, उदेद्श्य, महत्व, प्रासंगिकता एवं आवश्यकता	3–16
3.	कार्यक्रम हेतु चयनित जनपद	17–18
4.	आई.ई.सी. कार्यो हेतु राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा की गई पहल एवं क्रिया – कलापों के विवरण	19–26
	(क) विभिन्न बैठकों का आयोजन	
	(ख) विभिन्न पत्रों एवं शासनादेशों का जारी होना	
	(ग) राज्य स्तर पर आयोजित कार्यशालायें/सेमिनार	
	(घ) प्रशिक्षण साहित्य एवं लघु फिल्मों का निर्माण	
	(ड़) विभिन्न विभागों द्वारा भारत निर्माण सेवकों के समन्वय संबंधी प्रपत्र	
5.	जनपदों में की गयी आई.ई.सी. गतिविधियां एक दृष्टि में	27–28
6.	आई.ई.सी. गतिविधियों के सम्भावित परिणाम	28
7.	बजटीय व्यवस्था	29
8.	जनपद स्तर पर की गयी आई0ई0सी0 गतिविधियां	30–106
	• तालिका, रेखाचित्र एवं ग्राफ द्वारा प्रदर्शन	
	• कैमरे की दृष्टि से	
	• मीडिया के विचार एक दृष्टि में...	
9.	महत्वपूर्ण पत्र एवं शासनादेश	107–131

1. भारत निर्माण सेवक कार्यक्रम की पृष्ठभूमि

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास एवं जन–कल्याणार्थ अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सम्पर्क मार्ग, आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, आय के स्रोत, रोजगार के अवसर, दक्षता विकास, सामाजिक सुरक्षा तथा प्राकृतिक संसाधनों के उचित प्रबन्धन की कला से भिज्ञता आदि उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर एवं गुणवत्ता में सतत् सुधार लाना है।

वर्तमान परिदृश्य मे कदाचित इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण समुदाय एवं लक्षित समूह को मिलने में दिक्कतें अनुभव की जा रही हैं। इन्ही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण समुदाय से, ग्रामीणो द्वारा नामित इच्छुक स्वयं सेवकों को जो अपने आस–पास के ग्रामीण समुदाय के विकास के लिए प्रयत्नशील एवं समर्पित हो, उनसे परामर्शदाता/प्रेरक/सुविधादाता के रूप में अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान करने की अपेक्षा की गयी है। इन्हीं स्वयं सेवकों को भारत निर्माण वालेण्टियर्स के रूप में जाना जायेगा। यह वालेण्टियर्स पंचायतीराज तथा समस्त लाइन डिपार्टमेन्ट्स को योजना नियोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण आदि में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

आजादी के बाद पंचायती राज व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण विकास हुए। सन् 1952 में सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तन हेतु भारत सरकार ने एक विस्तृत कार्यक्रम समुदाय विकास (सी0डी0पी0) बनाया, जिसमें मुख्यतः ग्राम विकास से संबंधित सभी गतिविधियों को शामिल किया गया। यद्यपि यह कार्यक्रम ग्रामीण समाज की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा फिर भी समग्र विकास में समुदाय की भागीदारी की आवश्यकता की पुष्टि की। इस प्रमुख कार्यक्रम के विफल होने के कारणों को जानने हेतु सरकार ने **श्री बलवंत राय मेहता, संसद सदस्य,** की अध्यक्षता में एक उच्च शक्ति प्रदत्त समिति का गठन किया। इस टीम ने यह देखा कि सी0डी0पी0 की विफलता का मुख्य कारण प्रत्यक्ष रूप से जनता की न्यून प्रतिभागिता का होना था, अतः जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए एवं ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने हेतु और समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सेवकों का ग्राम आधारित संवर्ग बनाने की कार्यनीति के तहत ही भारत सरकार द्वारा **भारत निर्माण सेवक** कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष, 2011 की गयी है।

योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु उससे जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है। किसी कार्यक्रम के स्थानीय परिवेश को विभिन्न आंतरिक एवं वाह्य वातावरण प्रभावित करते हैं। योजनाओं को मूर्त रूप देने में न सिर्फ सरकारी स्तर पर वरन् स्थानीय स्तर पर भी जानकारी परक प्रशिक्षण से ही ग्राम्य विकास के सभी प्रयास सफल होंगे, जिनमें ''भारत निर्माण सेवक''

एक अहम् भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रमों को लागू करने में, रणनीति बनाने में, क्रिया निर्धारण में, अनुश्रवण व क्रियान्वयन में एवं इनकी उपयोगिता को निर्धारण करने जैसे प्रत्येक स्तर पर एक सकारात्मक निर्णय एवं विचार की आवश्यकता पड़ती है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए ही **"भारत निर्माण सेवकों"** के प्रशिक्षण की आवश्यकता अनुभव की गयी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांकः 22–23 जुलाई, 2010 को नई दिल्ली में मा0 मंत्री ग्राम्य विकास डॉ0 सी0पी0 जोशी एवं मा0 मंत्री सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सुश्री अम्बिका सोनी की अध्यक्षता में **"Strengthening Local Self Governance and Accelerating Rural Development"** विषयक कार्यशाला हुई थी, जिसका उददेश्य संचार के सभी बाधाओं को पारकर सूचना को आम जनमानस तक पहुंचाना था। इस कार्यशाला के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा सर्वोत्तम कार्य एवं नवीन पद्धतियों की आपस में चर्चा की गयी। इस कार्यशाला में ही यह निर्णय लिया गया कि सर्वोत्तम कार्यो के प्रदर्शन एवं अन्य राज्यों में योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के लिये एस.आई.आर.डीज, को एक ब्लॉक एवं उससे कम से कम एक ग्राम पंचायत को चिन्हित कर वहां के पंचायतीराज पदाधिकारियों और कार्मिकों को ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग से सम्बन्धित सभी योजनाओं की जानकारियों से अवगत कराने की अपेक्षा की गई। तत्पश्चात एन0आई0आर0डी0 हैदराबाद में तथा कृषि भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशालाओं के निष्कर्ष स्वरूप ग्रामीण समुदाय तथा शासकीय विकास तन्त्र के बीच सहयोगी, प्रेरक, बदलाव के वाहक निगरानी कर्ता आदि के रूप में समुदाय के बीच से, समुदाय के लिए स्वयं सेवक (वालेण्टियर) की विचार धारा पर सहमति बनी। इन्ही सेवकों की क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण करके बी0एन0वी0 के रूप में विकसित करने का आहवाह्न किया गया। इस बी0एन0वी0 इनीसिएटिव के तहत विभिन्न राज्यों द्वारा किये जा रहे नित नूतन प्रयास एवं प्रयोगों की अनुभव सहभागिता एवं समीक्षा करने के उददेश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं एन0आई0आर0डी0 हैदराबाद के सयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर की कोलोक्वियम् का आयोजन हैदराबाद, केरल, आसाम, सिक्किम, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में किया गया।

यह भी विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की कोलोक्वियमों में चर्चा की गयी कि बी0एन0वी0 मोबिलाइजेशन हेतु जिला स्तर के अधिकारियों, पंचायतीराज एवं लाइन डिपार्टमेन्ट्स के अधिकारियों को संचेतित एवं जागरूक करने की आवश्यकता है। साथ ही सूचना, शिक्षा तथा जनसंचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर कार्यक्रम कों गति प्रदान करने की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता के दृष्टिगत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आई0ई0सी0 कार्यो हेतु वित्तीय सहयोग सभी एस0आई0आर0डीस को दिया। वर्तमान प्रशासनिक रिपोर्ट आई0ई0सी0 गतिविधियों से संबंधित है।

2. आई.ई.सी. की अवधारणा, उद्देश्य, महत्व, प्रासंगिकता एवं आवश्यकता

अवधारणा

सूचना, शिक्षा, संप्रेषण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्रदान की जाने वाली सेवाओं के विषय में समुदाय को शिक्षित एवं जागरूक किया जाता है जिससे कि वे सेवाओं के विषय में जान सके व उसका लाभ उठा सके। सूचना, शिक्षा, संप्रेषण का अर्थ है कि अपने सन्देश या विचारों को कुशल शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति या जन–समूह तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना या इसे सरल शब्दों में कह सकते हैं कि अपने संदेश या विचारों को कुशल व्यक्ति द्वारा प्रभावी ढंग से दूसरों तक पहुंचाना।



आई0ई0सी0 के उद्देश्य

सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य प्रचार–प्रसार एंव जागरूकता के द्वारा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को आम जनमानस तक पहुंचाना है। इन गतिविधियों के द्वारा जागरूकता उत्पन्न कर सूचना का प्रचार–प्रसार एवं कार्यक्रम संबंधी जानकारी एवं प्रक्रिया का ज्ञान दोनों ही लोगों को यथा– लाभार्थी एवं कार्यपालक/लागू करने वाले को प्रदान कर बेहतर परिणाम प्राप्त करना है।



सूचना (संदेश)

सूचना से तात्पर्य है किसी व्यक्ति, विषय, योजना या कार्यक्रम के बारे में जानकारी देना। सूचना एक माध्यम है जिससे संदेश पहुंचाया जाता है। दूसरे शब्दों में कहे तो संदेश संप्रेषण प्रक्रिया में संप्रेषित की जाने वाली सूचना है और इसकी विषय–वस्तु परिवर्तन लाने वाले या बढ़ावा देने वाले व्यवहार से संबंधित होती है।

संदेश की विशेषताएं–

- संदेश उपयोगी और व्यापक होना चाहिए।
- संदेश स्पष्ट होना चाहिए।
- संदेश सही और पूर्ण होना चाहिए।
- संदेश रोचक होना चाहिए।
- संदेश व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने वाला होना चाहिए।

- संदेश मौजूदा सामाजिक मानदंडों के अनुसार होना चाहिए और प्रचलित आस्थाओं और रिवाजों के विरूद्ध नहीं होना चाहिए।
- संदेश समुदाय की अनुभव की गई जरूरतों के अनुसार होना चाहिए।
- संदेश श्रोताओं की जानकारी और कुशलताएं बढ़ाने वाला होना चाहिए।
- संदेश विशिष्ट और वैज्ञानिक होना चाहिए।
- संदेश ध्यान आकर्षित करने वाला, विश्वसनीय और सम्मति प्राप्त करने योग्य होना चाहिए।
- अलग – अलग लक्ष्य समूहों के लिए अलग – अलग संदेश दिए जाने चाहिए।
- एक ही समय पर कई संदेश नहीं दिए जाने चाहिए।

रिकोर्ड, दस्तावेज, ई–मेल, मेमो, जनमत रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्ति, सरकुलर्स, जनरल, आदेश आदि से सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

शिक्षा

शिक्षा सीखने की एक क्रमिक प्रक्रिया है जिससे कोई व्यक्ति विषय के बारे में जानकारी और समझबूझ प्राप्त करता है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति के ज्ञान, कौशल एवं रूचियों पर प्रभाव पड़ता है। समाजशास्त्रियों का विचार केन्द्र समाज होता है। इन्होने शिक्षा प्रक्रिया की प्रकृति के विषय में निम्नलिखित तथ्य उजागार किये हैं–

- शिक्षा सामाजिक प्रक्रिया है।
- शिक्षा अवरित प्रक्रिया है।
- शिक्षा द्विध्रुवीय प्रक्रिया है।
- शिक्षा विकास की प्रक्रिया है।
- शिक्षा गतिशील प्रक्रिया है।



शिक्षा के प्रकार

औपचारिक और	औपचाारिक शिक्षा प्रायः सुनियोजित प्रक्रिया द्वारा व्यक्तियों को दी जाती है। इसकी योजना पहले से ही बना ली जाती है। इसके उद्देश्य को प्राप्त करने की विधि पहले से ही निश्चित हो जाती है।
अनौपचाारिक	अनौपचाारिक शिक्षा में पूर्व योजना का अभाव रहता है। इसमें बालक समाज में रहकर अपने से बड़ों का अनुकरण करके और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं अनुभव प्राप्त करके शिक्षा प्राप्त करता है। इस प्रकार की शिक्षा का प्रायोजन पहले से निश्चित नहीं होता।
प्रत्यक्ष शिक्षा और	प्रत्यक्ष शिक्षा बालकों एवं शिक्षकों के प्रत्यक्ष सम्पर्क के परिणामस्वरूप सम्भव होती है और प्रायः व्यक्तिगत होती है।
अप्रत्यक्ष शिक्षा	अप्रत्यक्ष शिक्षा परोक्ष रूप से प्राप्त की गयी शिक्षा है और प्रायः अन्य साधनों से प्राप्त होती है।
वैयक्तिक एवं सामूहिक शिक्षा	यह वर्गीकरण शिक्षा में प्राप्त करने वालों की संख्या के आधार पर निर्मित है। वैयक्तिक शिक्षा में केवल एक शिक्षार्थी द्वारा शिक्षा प्राप्त करने का भाव निहित है और सामूहिक शिक्षा में अनेक बालक एक साथ एक ही समय में शिक्षा प्राप्त करते हैं।
सामान्य एवं विशिष्ट शिक्षा	सामान्य शिक्षा में बालक को सामान्य जीवन के लिए तैयार किया जाता है और उनकी सामान्य मेधा को प्रशिक्षित किया जाता है। सामान्य शिक्षा का कोई निश्चित उद्देश्य नहीं होता। विशिष्ट शिक्षा का उद्देश्य होता है और इसमें छात्रों को किसी व्यवसाय के लिए तैयार किया जाता है।

संप्रेषण

संप्रेषण सूचना देने तथा दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच विचारों का आदान – प्रदान करने की दो तरफा प्रक्रिया है। संप्रेषण शब्द ''प्रेषण'' और ''प्रेषित करना'' जैसी क्रियाओं को अपने में संजोए हुए है जिनका अर्थ होता है किसी वस्तु या विचार को एक जगह से दूसरी जगह भेजना। दूसरे के विचारों तथा भावों के प्रभावपूर्ण आदान–प्रदान के लिए प्रेषण स्रोत तथा प्राप्तिकर्ता दोनों की ही समान रूप से प्रभावी भूमिका रहती है।

संप्रेषण की प्रक्रिया

संचार में प्रक्रियात्मक दृष्टि से अनेक चरण सम्मिलित है जिनसे मिलकर संचार प्रक्रिया पूर्ण होती है। ग्रीक दार्शनिक अरस्तु ने संचार में मुख्य रूप 5 चरणों या तत्वों को समाहित किया है।



वक्ता सन्देश श्रोता अवसर प्रभाव

दार्शनिक लासवेल के प्रारूप में भी मुख्य रूप से 5 चरण समाहित है। लासवेल के इस पंच प्रतिरूपों को 05 क से जाना जाता है।

लासवेल का संचार प्रारूप

प्रतीक 05 क	अवयव या अभिव्यक्ति
• कौन ?	प्रेषक (स्रोत्र)
• क्या कहता है ?	सन्देश (सन्दर्भ)
• किस माध्यम से ?	संचार माध्यम
• किसके लिए ?	श्रोता
• क्या प्रभाव ?	प्रभाव

सम्प्रेषण की प्रक्रिया अवयव एवं घटक



प्रभावी संचार का मण्डल

संप्रेषण के विभिन्न माध्यम

श्रव्य माध्यम AUDIO MEDIA 	संप्रेषणकर्ता और ग्राहक दोनों ही इस अवस्था में श्रव्य माध्यम की सहायता से संप्रेषण रखते हैं। रेडियों, टेप रिकॉर्डर लाउडस्पीकर, डुगडुगी, नगाड़ा, ढ़ोल – मंजीरा इत्यादि श्रव्य संसाधनों से संपन्न संप्रेषण इसी श्रेणी में आते हैं।
दृश्य माध्यम VISUAL MEDIA 	इसमें संप्रेषण प्रक्रिया के लिए एक मात्र दृश्य माध्यमों को काम में लाया जाता है। चार्ट, चित्र, मानचित्र, मॉडल, समाचारपत्र, पत्रिकाऐं, बैनर, दीवार, लेखन इत्यादि दृश्य संसाधनों में आते हैं।
दृश्य श्रव्य माध्यम AUDIO VISUAL MEDIA 	इसमें संप्रेषण के लिए श्रव्य तथा दृश्य दोनों ही माध्यमों का प्रयोग किया जाता है। टेलीविजन, चलचित्र, बाइस्कोप इत्यादि इस श्रेणी में आते हैं।
बहु – इंद्रिय माध्यम MULTI-SENSORY MEDIA 	इसमें अधिक से अधिक ज्ञानेंद्रियों (आंख, नाक, कान, जीभ और त्वचा) का उपयोग करते हुए संप्रेषण प्रक्रिया की जाती है। इस माध्यम से प्रभावशाली परिणाम सामने आते है।
जन–सम्पर्क माध्यम MASS MEDIA 	जब संप्रेषण प्रक्रिया में बहुत अधिक व्यक्तियों को शामिल करने का प्रश्न हो तो जन सम्पर्क माध्यम जैसे रेडियों, टेलीविजन, सिनेमा, फिल्म, मुद्रित सामग्री, पुस्तक, पत्र – पत्रिकांए तथा इंटरनेट और वेबसाइट पर आधारित अति आधुनिक माध्यमों की सहायता लेना आवश्यक हो जाता है।
बहु माध्यम MULTI MEDIA	इस संप्रेषण प्रक्रिया में विविध साधनों एवं माध्यमों का प्रयोग व्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से किया जाता है।

आई0ई0सी0 का क्षेत्रफल/विस्तार

आई0ई0सी0 क्रियायें/गतिविधियों का क्षेत्रफल सीमित न होकर बेहद विस्तृत है। गांवों का विकास देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है, गांवों के सम्पूर्ण एवं समग्र सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में आई0ई0सी0 गतिविधियाँ निम्नानुसार तथ्यों एवं योजनाओं इत्यादि पर जानकारी देकर विकास चक्र को गतिशील कर सकती है।

- स्थानीय स्वशासन
- स्वास्थ्य : बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य
- शिक्षा : प्राथमिक स्तर कम से कम शत–प्रतिशत सुनिश्चित हो
- पोषण
- जल एवं स्वच्छता
- सामाजिक कुरीतियाँ : दहेज, बाल विवाह, रूढ़िवादिता इत्यादि
- स्वयं सहायता समूह
- आजीविका शिक्षा
- रोजगार के साधन
- आपदा प्रबन्धन
- विभिन्न रोगों से बचाव संबंधी जानकारी
- सड़क सुरक्षा
- यौन शिक्षा संबंधी जानकारी
- गर्भपात
- प्रशिक्षण खेल इत्यादि

बदलते ग्राम्य विकास परिवेश में आई0ई0सी0 की महत्ता कारण

- ग्राम्य विकास की प्राथमिकताओं में बदलाव
- मुद्रास्फीति की दर में लगातार वृद्धि
- मांग आधारित कार्यक्रमों की बढ़त
- वैश्वीकरण
- पारदार्शिता एवं जवाबदेही की बढ़ती माँग
- योजनाओं एवं कार्यक्रम संबंधी अधिक से अधिक जानकारी, लाभ एवं प्रक्रिया की लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों द्वारा माँग
- कार्यक्रम की अधिक एवं बेहतर जानकारी मांग सृजन में सहायक होगी

आई0ई0सी0 हेतु संप्रेषण की विभिन्न विधियां एवं सामग्री

जन सम्प्रेषण इसका तात्पर्य लोगों के विशाल समूह को संदेश पहुंचाना है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से जागरूकता लाने तथा दूसरों तक जानकारी पहुंचाने के लिए किया जाता है। 	**इलैक्ट्रानिक सामग्री** वीडियों टेप, रेडियों कार्यक्रम, आडियों टेप, टेलीविजन कार्यक्रम, स्लाइडे आदि। **मुद्रित सामग्री** पुस्तकें, प्रस्तिकायें, फोल्डर, इश्तेहार, परचे, पत्र समाचार पत्र, विज्ञापन, पोस्टर, फोटोग्राफ, होर्डिंग, पत्रिकायें, जर्नल आदि। **लोक तथा पारम्परिक कला** गीत, नृत्य, नाटक, कीर्तन/भजन, कठपुतली, नगाड़ा दीवार लेखन आदि। **वैकल्पिक** गली नाटक, नुक्कड़ नाटक, नौटंकी आदि। **बहु मीडिया अभियान** प्रचार/जागरूकता, अभियान एवं प्रदर्शन।
सामूहिक सम्प्रेषण इसका तात्पर्य किसी व्यक्ति विशेष को नहीं बल्कि लोगों के छोटे – छोटे समूहों तक एक साथ संदेश पहुंचाना है। इसका इस्तेमाल इन समूहों को प्रेरित तथा प्रभावित करने के लिए किया जाता है।	भाषण/सामूहिक बैठकें, शिविर, क्षेत्रीय दौरा, भूमिका अभियान। 
अन्तः वैयक्तिक सम्प्रेषण इसका तात्पर्य किसी एक व्यक्ति तक आमने – सामने संदेश पहुंचाना है। इसका प्रयोग विचारों तथा प्रथाओं और व्यवहार संबंधी परिवर्तन लाने में मदद करता है।	घरेलू दौरा, परामर्श, बातचीत, प्रेरणा तथा विश्वास पैदा करना।

आई0ई0सी0 के प्रभावीकरण हेतु समुदाय के सहयोगी व्यक्ति



वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों एवं कार्मिकों की भूमिका एवं समुदाय की अपक्षाएं

- केन्द्र, राज्य एवं जिलों के अधिकारियों से सम्पर्क बनाये रखना।
- ब्लॉक स्तर पर बी0एन0वी0 संबंधी गतिविधियों पर नजर/निगरानी रखना।
- ग्रामीण समुदाय हेतु आई0ई0सी0 जरूरतों को देखना व समझाना।
- आई0ई0सी0 संबंधी सामग्री को स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकसित व वितरित करना।
- बी0एन0वी0 वर्ग को जागरूक, समृद्ध एवं सशक्त करना, ताकि ज्ञान एवं जागरूकता का संचार हो।
- एस0आई0आर0डी0 को बी0एन0वी0 संबंधी कार्यक्रमों, कार्यशालाओं एवं सेमिनारों के जरिए क्षमता संवर्द्धन हेतु सहायता करना।

आई0ई0सी0 की गतिविधियां

1. जागरूकता अभियान

अभियान के तहत योजनाओं से समुदाय को परिचित कराया जाता है। अभियान के द्वारा योजनाओं के विभिन्न बिन्दुओं व उन्हें अमल में लाने में आ रही समस्याओं से लोगों को परिचित करा कर, उन्हें दूर करने का उपाय बताया जाता है। यह जनमानस से जुड़े विशेष मुद्दों की जानकारी हेतु किये जा सकते हैं। जैसे– महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सुविधायें, सामाजिक बुराइयाँ इत्यादि।

विधि

इसके अर्न्तगत योजनाओं से जुड़े लोगों की सहायता लेते हुए, क्षेत्र में जगह – जगह गोष्ठी करायी जा सकती है। स्कूल के बच्चों को लेकर गांव में रैली निकाली जा सकती है। संध्या के समय गांव में फिल्म प्रदर्शन करना तथा उस पर चर्चा करना।

अभियान में ध्यान रखने योग्य बिन्दु

- विषय वस्तु का निर्धारण करें।
- अभियान के लिए आवश्यक सामग्री जैसे बैनर, पोस्टर इत्यादि को विषय वस्तु के अनुसार तैयार करें।
- समय व तिथि, स्थान का निर्धारण इस तरह करें, कि जिस समय समुदाय के लोग उनकी बातें सुविधापूर्वक सुन सकें।
- समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व अन्य सहयोगी व्यक्तियों को इसकी सूचना पहले से दे व उन्हें विश्वास में लें।
- अभियान के आयोजन के समय सभी की सहभागिता सुनिश्चित करें।
- अभियान के मध्य व पश्चात् उन बिन्दुओं को अवश्य नोट करें जहां समस्यायें उत्पन्न हुई, जहां की उपलब्धि बहुत अच्छी रही, इन बिन्दुओं को अगले अभियान के आयोजन के समय ध्यान में रखा जाये।
- वकालत अभियान में ऐसे नारों का चयन करें जो बोलने में आसान हो व सहजता से लोग समझ सकें।

2. नुक्कड़ नाटक

इसका प्रयोग विशेष दिवसों पर किया जाता है जिससे सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें। इसके जरिये ग्रामवासियों को अधिक मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक तरीके से कार्यक्रम की जानकारी दी जा सकती है। इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्र में कलाकारों, मण्डलियों, युवा मण्डल दल इत्यादि से सम्पर्क करना चाहिए एवं उसकी सेवाएं प्राप्त करना चाहिए।

नाटक आयोजन के समय ध्यान रखने योग्य बातें :–

- नाटक की विषय वस्तु चयन।
- बोले जाने वाले संवाद को पहले से लिखकर व उसे पहले से याद करने के लिए कहें।
- नाटक का अभ्यास पहले से किया जाना आवश्यक है।
- नाटक के समय प्रस्तुत सामग्री जैसे वस्त्र और अन्य चीजों की पहले से व्यवस्था करें। इसकी एक सूची पहले से बना लें, जिससे समय पूर्ण ही समस्त सामग्री एकत्रित की जा सके।
- नाटक के स्थान, समय का निर्धारण आदि ऐसा होना चाहिए जहां अधिक से अधिक लोग उसे देख सके। इसके लिए किसी सार्वजनिक स्थान का चयन करना चाहिए जहां से लोग आते जाते हों, व लोगों को सहज ही आकर्षित किया जा सकता है।
- नाटक के आयोजन के समय आवाज तेज व स्पष्ट होनी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोग उसे सुन व समझ सकें।
- नाटक की विषय वस्तु के चयन के साथ सामाजिक मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे कि जन सामान्य अपने आस पास की समस्याओं से परिचित हो सकें तथा उसके समाधान के लिए आवश्यक निर्णय ले सकें।
- अंत में विषय वस्तु को निर्णायक विचार के साथ छोड़े या ऐसे स्थान पर जिससे कि श्रोता बाद में उस पर चर्चा कर अपनी राय कायम कर सकें।

3. सामुदायिक बैठक/गृहभ्रमण

कार्यक्रम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समुदाय के प्रभावशाली एवं सक्रिय लोगों से मिलकर कार्यक्रम की सेवाओं पर सामुदायिक बैठक आयोजित की जाती है या लाभार्थी समूह के घर जाकर कार्यक्रम के बारे में आमने – सामने बैठक कर कार्यक्रम सम्बन्धित संदेश/जानकारी दी जाती है। **समुदाय को कार्यक्रम के बारे में अवगत कराने तथा उन्हे अपने उद्देश्य से जोड़ने का एक बहुत प्रभावशाली तरीका है, घर – घर जाकर लोगों से सम्पर्क करना।** इसमें कार्यक्रम के लाभ बताकर एवं यह जानकारी दे कि यह कार्यक्रम उनका अपना कार्यक्रम है, ऐसा करने से कार्यक्रम में सहभागिता के लिए उन्हे प्रेरित किया जा सकता है।

बैठक/गृहभ्रमण आयोजित करते समय निम्न बातों का ध्यान रखें

- कार्यक्रम की सफलता के लिए अन्य संस्थाओं (सरकारी/गैर सरकारी), कार्य–कर्मियों को सहयोग प्रदान करें।
- सामुदायिक बैठक हेतु उपयुक्त स्थान का चयन करें।
- लोगों में विद्यमान भ्रातियों एवं आशंकाओं को दूर करने के लिए खुली चर्चा करें जिससे लोग सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हों।
- समुदाय के कार्यक्रम से सम्बन्धित सहयोगी व्यक्तियों को बैठक में अवश्य शामिल करें जिससे लोग प्रभावित हों।
- फ्लैश कार्ड, फिलिप चार्ट, खेलों का प्रयोग करें ।

4. प्रदर्शनी – मेला

हमारे देश में प्रदर्शनियाँ बहुत लोकप्रिय है क्योंकि जनता के लिए मनोरंजन का प्रबन्ध हो जाता है। प्रचार के लिए प्रदर्शनियाँ और मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके लिए अलग–अलग अवसरों का लाभ उठाया जाता है जैसे– कृषि विश्वविद्यालय किसान मेले करवाती है जिनमें पशु प्रदर्शनियां भी होती हैं। बड़े–बड़े तीर्थो में लाखों की संख्या में यात्री कुम्भ, सूर्यग्रहण आदि के मेलों पर इकट्ठे होते है, ऐसी स्थिति में इनका उपयोग किया जा सकता है।

विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के प्रयास, भारत की एकता, परिवार कल्याण तथा छोटी–छोटी बचतों आदि विषयों पर प्रदर्शनी आयोजित की जा सकती है। कार्यक्रम से सम्बन्धित उपलब्ध वस्तुएं, संम्बन्धित पठन–पाठन सामग्री आदि की प्रर्दशनी गांव में लगाने से कार्यक्रम की जानकारी आम जनमानस तक शीघ्र पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।

ध्यान देने योग्य बातें

- प्रदर्शनी में कुछ न कुछ अनोखापन या निरालापन हो।
- नये – नये तरीके प्रदर्शित करें।
- कार्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकी मॉडल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- प्रर्दशनी में कार्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न घटकों को पोस्टर द्वारा प्रदर्शित करें।
- फिल्म–शो द्वारा प्रर्दशनी को प्रभावशाली बनाये।

5. दीवार लेखन

इसके अर्न्तगत कार्यक्रम से सम्बन्धित संदेशों, नारों को दीवार पर लिखा जाता है जिससे की ग्रामीणों/समुदाय के लोगों को योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित जानकारी प्राप्त होती है तथा वे जागरूक होते हैं।

ध्यान देने योग्य बातें

- सामान्य तौर पर एक ग्राम पंचायतों में नारा लेखन हेतु ऐसे स्थान का चयन करना चाहिए जहां आम जनमानस की दृष्टि सहजता से पड़ती हो।
- नारों की भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए।
- लेखन हेतु उपयुक्त रंगों तथा बड़े अक्षरों का प्रयोग करें, जिससे की दूर से संदेश दिखाई दे।

3. कार्यक्रम हेतु चयनित जनपद

भारत निर्माण सेवकों का मोबलाइजेशन कार्य चरणबद्ध रूप से उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों मे किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम का प्रारम्भ जनपद चित्रकूट से किया गया था। प्रथम चरण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) वाले 22 जनपदों में तथा 05 अन्य इच्छुक जनपदों में सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के प्रस्ताव पर योजना का विस्तार किया गया। प्रथम चरण में उ0 प्र0 के कुल 27 जनपदों में भारत निर्माण सेवकों के चयन, मोबिलाइजेशन एवं प्रशिक्षण का कार्य त्वरित गति से किया गया है। वर्तमान में लगभग 25000 से अधिक सेवकों का पंजीकरण भारत सरकार की दीक्षा बेवसाइड पर किया जा चुका है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदो में से लगभग 39 जनपदों में BNVI का विस्तार किया गया है। इस प्रकार भारत सरकार की मंशा अनुरूप धीरे–धीरे समस्त उ0 प्र0 में कार्यक्रम का विस्तार किया जा रहा है।

क्र0	संस्थान का नाम	क्र0	आच्छादित जनपद	चयनित भारत निर्माण सेवक
1	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, आगरा	*1*	आगरा	613
2	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, अलीगढ़	*2*	अलीगढ़	620
3	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, इलाहाबाद	*3*	इलाहाबाद	1206
4	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, मऊ	*4*	आजमगढ़	332
5	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, फैजाबाद	*5*	फैजाबाद	853
		6	अम्बेदकर नगर	817
6	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, इटावा	*7*	इटावा	953
		8	औरैया	1007
7	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बदायूँ	*9*	बदायूँ	828
8	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बस्ती	*10*	बस्ती	552
9	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बांदा	*11*	बांदा	525
		12	चित्रकूट	1517
10	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बहराइच	*13*	बहराइच	688
11	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बागपत	*14*	बागपत	900
12	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बिजनौर	*15*	बिजनौर	1013
13	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, वाराणसी	*16*	चन्दौली	1345
		17	वाराणसी	1
14	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, देवरिया	*18*	देवरिया	886

15	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हरदोई	*19*	हरदोई	678
16	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हमीरपुर	*20*	हमीरपुर	316
		21	महोबा	
17	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, जालौन	*22*	जालौन	690
18	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, खीरी	*23*	खीरी	669
19	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, मिर्जापुर	*24*	मिर्जापुर	964
		25	सोनभद्र	1411
20	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, मुजफ्फरनगर	*26*	मुजफ्फरनगर	1742
21	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, गोण्डा	*27*	गोण्डा	1164
22	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बुलन्दशहर	*28*	बुलन्दशहर	1460
23	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, लखावटी	*29*	बुलन्दशहर	690
24	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ	*30*	लखनऊ	630
		31	अमेठी	
25	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, रायबरेली	*32*	रायबरेली	
26	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, झांसी	*33*	झांसी	
27	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, ललितपुर	*34*	ललितपुर	
28	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, मैनपुरी	*35*	मैनपुरी	
29	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, रामपुर	*36*	रामपुर	
30	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कन्नौज	*37*	कन्नौज	
31	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बाराबंकी	*38*	बाराबंकी	117
32	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, सीतापुर	*39*	सीतापुर	
कुल योग				**25187**

4. आई.ई.सी. कार्यो हेतु राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा की गई पहल एवं क्रिया – कलापों के विवरण

क) विभिन्न बैठकों/कार्यशालाओं का आयोजन

❖ **दिनांक 17–9–2010** को विजन प्लान फॉर ट्रेनिंग के तहत ''भारत निर्माण सेवक'' इनीसिएटिव योजनान्तर्गत चयनित जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड–मऊ के कार्मिकों, पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामीण समुदाय की क्षमता–संवर्द्धन की दिशा में **सूचना एवं जन–संचार माध्यमों की भूमिका** पर एक बैठक महानिदेशक, संस्थान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी थी। जिसमें निदेशक आकाशवाणी, लखनऊ, उप निदेशक एडवर्टाइजिंग एण्ड विजुअल पब्लिसिटी निदेशालय, निदेशक फील्ड पब्लिसिटी निदेशालय, उप निदेशक प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो, निदेशक दूरदर्शन केन्द्र तथा उप निदेशक साँग एण्ड ड्रामा डिवीजन, अलीगंज, लखनऊ के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया था।

❖ **एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–एम–12017/1/2010–ट्रेनिंग MoRD, GoI, Trg Division दिनांक 24 अक्टूबर, 2011 के क्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के महत्वपूर्ण भारत निर्माण सेवक कार्यक्रम का उ0प्र0 के अधिकाधिक जनपदों में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु **एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला** का आयोजन एस.आई.आर.डी. द्वारा दिनांक : **05 दिसम्बर, 2011** को किया गया था। कार्यशाला में श्री नितिन चन्द्रा, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार व उनकी टीम, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश से श्री संजीव कुमार, आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय/जिला ग्राम्य विकास संस्थानों के आचार्य/जिला प्रशिक्षण अधिकारियों समेत कुल 72 लोगों ने प्रतिभाग किया था।

❖ **भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव से संबंधित प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास उ0प्र0 के कक्ष में दिनांक 30.01.2012 की बैठक**

भारत सरकार के पत्र दिनांक D.O. No. M-12017/1/2010- Trg. दिनांक 21 दिसम्बर, 2011 के द्वारा प्रदेश में 25 हजार भारत निर्माण सेवक के चयन एवं उनके मोबिलाइजेशन का लक्ष्य 2011–12 में निर्धारित किया गया था। भारत निर्माण सेवक मोबिलाइजेशन का विस्तार करने के उद्देश्य से **दिनांक 30.01.2012** को प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास उ0प्र0 की अध्यक्षता में एक बैठक उनके कक्ष में आयोजित की गयी थी, जिसमें अपर आयुक्त ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक श्री उपाध्याय तथा डॉ0 ओ0 पी0 पाण्डेय संयुक्त निदेशक एस0आई0आर0डी0 ने भाग लिया था, जिसमें भारत निर्माण

सेवक इनीसिएटिव से सम्बन्धित आयोजित सभी राष्ट्रीय कार्यशालाओं एवं विभिन्न राज्यों में किये जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास उ0प्र0 ने कार्यक्रम के विस्तार से संबंधित शासनादेश सामान्य राज्य चुनाव के पश्चात् मार्च, 2012 में जारी कराने हेतु कहा था। यह भी विचार–विमर्श हुआ कि भारत निर्माण सेवक की क्षमता संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण का कार्य एस0आई0आर0डी0 एवं अधीनस्थ संस्थाएँ (क्षेत्रीय/जिला ग्राम्य विकास संस्थान) करेगी तथा भारत निर्माण सेवक का चयन, उनसे अपेक्षित सहयोग प्राप्त करना, भारत निर्माण सेवक प्रोफाइल को वेबसाइट पर अपलोड करना तथा अभिलेखों के रख–रखाव आदि का कार्य खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की देख–रेख में किया जायेगा। ब्लॉक/जिला/राज्य स्तर की लैब–टू–लैण्ड इनीसिएटिव की प्रगति समीक्षा एवं परामर्श देने हेतु गठित होने वाली समिति पर भी चर्चा हुई। प्रमुख सचिव.(ग्राम्य विकास) एवं अपर आयुक्त/निदेशक एन.आर.एल.एम. श्री उपाध्याय ने लैब–टू–लैण्ड इनीसिएटिव के विस्तार हेतु प्रथम चरण में सभी एन.आर.एल.एम. जिलों (22) को लिए जाने हेतु कहा था।

ख) शासनादेशों का जारी होना

❖ **04 अप्रैल, 2012 का शासनादेश**

ग्राम्य विकास, अनुभाग– 2, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या– एस–73/38–2–2012–07–टी–2011, लखनऊ दिनांक 04 अप्रैल, 2012 जो उ0 प्र0 के समस्त जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को सम्बोधित तथा महानिदेशक दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ को पृष्ठांकित है, में कार्यक्रम क्रियान्वयन से संबंधित विवरण विस्तार से दिया गया है।

ग) राज्य स्तर पर आयोजित कार्यशालायें/सेमिनार

❖ **'' भारत निर्माण सेवक पहल'' का छठा राष्टीय अधिवेशन 19 से 21 अप्रैल 2012, लखनऊ**

''**भारत निर्माण सेवक पहल**'' का छठा राष्ट्रीय अधिवेशन श्री एन.एस.रवि प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास उ0प्र0/महानिदेशक संस्थान की देख रेख में 19 से 21 अप्रैल, 2012 को लखनऊ शहर के होटल क्लर्क अवध में आयोजित हुआ था। इसमें माननीय श्री शिशिर अधिकारी केन्द्रीय ग्रामीण विकास राजमंत्री, माननीय श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री, माननीय श्री अरविन्द सिंह 'गोप' ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राज्य सरकार उ०प्र० सरकार, श्री नितिन चन्द्रा संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, श्री आलोक रंजन कृषि उत्पादन आयुक्त उ० प्र०, श्री अनुराग

श्रीवास्तव आयुक्त ग्राम्य विकास उ०प्र०, महानिदेशक, जम्मू–कश्मीर प्रमोद जैन, ब्रहमकुमारीज और रामकृष्ण मिशन के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में भारत निर्माण सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और उच्चाधिकारियों ने भाग लिया।

घ) प्रशिक्षण साहित्य एवं लघु फिल्मों का निर्माण

आई0ई0सी0 साहित्य

- ❖ भारत निर्माण सेवक– दिग्दर्शिका
- ❖ प्रधानमंत्री संदेश (हिन्दी व अंग्रेजी)
- ❖ पंचायतीराज व्यवस्था एवं ग्राम सभा
- ❖ मनरेगा
- ❖ आई0सी0डी0एस0
- ❖ मध्यांहन भोजन
- ❖ सामाजिक अंकेक्षण
- ❖ सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता
- ❖ महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विधिक अधिकार
- ❖ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन





प्रधानमंत्री

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने लैब-टू-लैण्ड इनीशिएटिव की प्रतिबद्धता हेतु समर्पित सेवक समूह जिन्हें भारत निर्माण सेवक कहा गया है, की शुरूआत की है।

भारत निर्माण सेवक भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन के संदेशवाहक हैं। मुझे विश्वास है कि यह कदम योजनाओं के बारे में सूचनाओं के प्रसार एवं ग्रामीण भारत की समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। भारत निर्माण सेवक सरकारी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को सुगम बनायेंगे तथा जनता के कष्टों का शीघ्रता से निवारण करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस ग्राम आधारित सेवक संवर्ग की स्थापना से लोक सेवा में अच्छी पहुँच बनेगी तथा सरकारी योजनाओं की कमियों में सुधार भी होगा, साथ ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित होगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि लाने हेतु इस मिशन की सफलता के लिए मैं ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा भारत निर्माण सेवकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

मनमोहन सिंह

नई दिल्ली
[illegible] दिसम्बर, 2011


भारत निर्माण सेवक
सामाजिक अंकेक्षण (मनरेगा)
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
पंचायतीराज व्यवस्था एवं ग्राम सभा
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
-एक संक्षिप्त परिचय
NRHM
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
आई0सी0डी0एस0 कार्यक्रम
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
मध्यान्ह भोजन योजना
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु
विधिक अधिकार
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207


भारत निर्माण सेवक
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी
अधिनियम 2005
-एक संक्षिप्त परिचय
दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, उ0 प्र0
लखनऊ - 227207

लघु फिल्में

एन0एफ0डी0सी0, नई दिल्ली द्वारा निर्मित लघु फिल्में

- ❖ दीक्षा
- ❖ ग्राम सभा
- ❖ रोजगार मेरा अधिकार
- ❖ पुकार
- ❖ बढ़ें चलो

राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा निर्मित

- ❖ एस0आई0आर0डी0
- ❖ भोर

ड़) विभिन्न विभागों द्वारा भारत निर्माण सेवकों के समन्वय संबंधी प्रपत्र

❖ ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के श्री एस0विजय कुमार सचिव के अर्ध शासकीय पत्र **एल0– 11024/01/12– प्रशिक्षण दिनांक 10 अक्टूबर, 2012** के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं पोषण कमेटी में भारत निर्माण सेवकों का सहयोग दिये जाने संबंधी निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के अतिरिक्त राज्य ग्राम्य विकास संस्थानों, पंचायतीराज पदाधिकारियों एवं भारत निर्माण सेवकों को एन0आर0एच0एम0 की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग देने की बात कहीं जोकि सहसत्राब्दी विकास लक्ष्य (एम0डी0जी0) का अहम हिस्सा है साथ ही सबके लिए स्वास्थ्य हेतु महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं। पत्र की प्रतियां जागरूकता/जानकारी के उददेश्य से सभी प्रतिभागियों को दी गयी।

❖ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के श्री जितेन्द्र शंकर माथुर, आई0ए0एस0, संयुक्त सचिव के **पत्र संख्या– D.O. No. F. 11042/30/2013 – CRSP दिनांक : 12 सितम्बर, 2012** द्वारा भारत निर्माण सेवकों से ग्राम स्तर पर ''स्वच्छता दूत'' के रूप में कार्य करने की अपेक्षा की गयी है।

जिस प्रकार इस मंत्रालय द्वारा 'भारत निर्माण अभियान' चलाया जा रहा है तथा जिसका उददेश्य ग्राम स्तर पर सबके लिए शौचालय की व्यवस्था होना व सभी के लिए स्वच्छता और स्थायी पेयजल आपूर्ति का होना है, इन्ही सबको सुनिश्चित करने हेतु ग्राम स्तर पर 'स्वच्छता दूत' की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सहयोग हेतु 'भारत निर्माण सेवकों' से स्वच्छता दूत के रूप में कार्य करने

की अपेक्षा की गयी है। पत्र की प्रतियां जागरूकता/जानकारी बढ़ाने के उददेश्य से प्रतिभागियों को दी गयी।

कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्वविद्यालय एवं राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के मध्य समन्वय एवं तकनीकी सशक्तीकरण हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के श्री एस0 विजय कुमार, सचिव एवं डॉ0 एस0 अयपन्न, सचिव, **DOAR&E, DG, ICAR** कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली के **पत्रांक & No. J& 12039/08/2012 - Trg दिनांक : 02 अप्रैल, 2012** के द्वारा रांची, झारखण्ड के कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रयासों का उल्लेख किया गया है जिससे कृषि तकनीकी के प्रचार–प्रसार एवं फ्लैगशिप कार्यक्रमों में भारत निर्माण सेवकों द्वारा सहयोग सफलतापूर्वक किया गया है। पत्र की प्रतियां जागरूकता/जानकारी बढ़ाने के उददेश्य से प्रतिभागियों को दी गयी।

❖ **आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के समीक्षा एजेण्डा बिन्दुओं में बी0एन0वी0 प्रयास को सम्मिलित करने हेतु पत्र**

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उ0 प्र0 के पत्रांक 714/आजीविका –लै0टू0लै0इ0/ए0मा0से0/12–13 दिनांक 10 अक्टूबर, 2012 (छाया प्रति संलग्न) ,जो समस्त संयुक्त विकास आयुक्त/मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित है, में कार्यक्रम के विस्तार एवं क्रियान्वयन को अपेक्षित गति प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य, मण्डल तथा जनपद स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा बैठक के दौरान भारत निर्माण सेवकों के मोबिलाइजेशन के बिन्दुओं को भी एजेण्डा बिन्दुओं में सम्मिलित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

5. जनपदों में की गयी आई.ई.सी. गतिविधिया : एक दृष्टि में...

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव के अन्तर्गत कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार एवं ग्राम स्तरीय सभी लाभार्थियों तक योजनाओं के पहुंच हेतु सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण (आई0ई0सी0) के अन्तर्गत निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया–

1) जिला स्तरीय कार्यशाला/बैठक – चयनित जिलों में भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव के तहत संबंधित ब्लॉक में भारत निर्माण सवकों के चयन एवं मोबिलाइजेशन हेतु जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर के लाइन डिपार्टमेन्ट के अधिकारियों/कर्मचारियों, जिला विकास अधिकारियों, परियोजना निदेशकों, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, ग्राम स्तरीय कर्मिकों तथा आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसके अर्न्तगत भारत निर्माण सेवक योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी एवं समग्र ग्राम विकास में सेवकों के योगदान संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

2) ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला/बैठक – चयनित जिलों में भारत निर्माण सेवक इनीसिएटिव के तहत संबंधित ब्लॉक पर भारत निर्माण सवकों के चयन एवं मोबिलाइजेशन हेतु आचार्य/खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम प्रधान/रोजगार सेवक/आंगनवाड़ी कार्यकत्री/आशा/पंचायत मित्र/शिक्षा मित्र, ग्राम स्तरीय संगठनों के सदस्य, समुदाय के प्रबुद्ध लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसके अन्तर्गत प्रतिभागियों को योजनान्तर्गत संबंधित विकास खण्ड में भारत निर्माण सेवकों के चयन एवं मोबिलाइजेशन कार्य हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया गया।

3) ग्राम सभा/ग्राम पंचायत बैठक – चयनित ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान/आचार्य/ जिला प्रशिक्षण अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय अधिकारियों/कार्मिकों/पंचायत प्रतिनिधियों/ग्राम स्तरीय संगठनों के सदस्य/ समुदाय के प्रबुद्ध लोगों को सभी ग्राम पंचायतों में प्रमुखता के साथ भारत निर्माण सेवकों के चयन एवं मोबिलाइजेशन कार्य हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया गया तथा बी0एन0वी0 के रूप में पंजीकृत भी किया गया।

4) जन जागरूकता अभियान – जन जागरूकता अभियान के तहत चयनित ब्लॉक/ग्राम पंचायतों में योजना से सम्बन्धित रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसके द्वारा लोगों को भारत निर्माण सेवक कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

5) ब्रोशर/लीफलेट/संचेतना साहित्य का मुद्रण एवं वितरण – चयनित जनपदों में आयोजित विभिन्न ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों/कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को ब्रोशर/लीफलेट/संचेतना साहित्य का वितरण किया गया।

6) ड्रेस का वितरण – कुछ चयनित जनपदों में भारत निर्माण सेवक संबंधी कार्यशालाओं में सेवकों, महिला एवं पुरूष, दोनों को ड्रेस उपलब्ध करायी गयी।

7) दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग – चयनित जनपदों में कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार हेतु विकास खण्ड स्तर पर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न सर्वजानिक स्थलों पर योजना के प्रचार प्रसार हेतु दीवार लेखन किये गये साथ ही बैनर, पोस्टर, होर्डिंग द्वारा योजना सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियों को आम जनमानस के संदर्भ हेतु उपयुक्त जगह पर लगाया गया।

8) ''दीक्षा'' वेबसाइट पर बी0एन0वी0 अपलोडिंग कार्य – चयनित जनपदों में भारत निर्माण सेवकों के चयन एवं मोबिलाइजेशन के उपरान्त उनके पंजीकरण सम्बन्धी डाटा को भारत सरकार की ''दीक्षा'' वेबसाइट पर अपलोडिंग सम्बन्धी कार्य संबंधित क्षेत्रीय/जिला ग्राम्य विकास संस्थानों के सहयोग से किया जाता है।

6. आई.ई.सी. गतिविधियों के सम्भावित परिणाम

1. लोक सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। विभिन्न सरकारी कार्यक्रम एवं योजनायें जो मुख्यतः महिलाओं/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विकास एवं कल्याणार्थ हेतु बनी है, उनमें सुधार होगा।
2. मानव विकास सूचकों यथा– प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा, लिंग एवं जीवन प्रत्याशा में सुधार होगा, साथ ही शिशु एवं मातृ मृत्युदर व बाल कुपोषण में कमी होगी।
3. गरीबी को कम करने में सहायता होगी। गरीब परिवारों जिनमें मुख्यतः छोटे और सीमान्त कृषक एवं मजदूर होते हैं उन तक सरकारी अनुदान, संस्थागत वित्त इत्यादि की बेहतर पहुंच सम्भव हो सकेगी।
4. मूलभूत सुविधाओं का विकास एवं बाजार एकीकरण में सहायता होगी।
5. समृद्ध एवं सशक्त सामाजिक संस्थायें जैसे कि ग्राम सभायें, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति, अनुश्रवण एवं निगरानी समिति, सामाजिक अंकेक्षण समिति आदि क्रियाशील होगी।
6. लोक सेवाओं के त्वरित होने एवं सूचना के प्रचार–प्रसार से सरकारी कार्यक्रमों के लागू होने में ज्यादा पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

7. ग्रामीण समुदाय में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा।
8. स्थानीय प्रशासन एवं पंचायती राज संस्थाओं को सहयोग प्राप्त होगा।
